45 17

सेवा में,

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय,

जनपद मुजफ्फरनगर।

विषयः भूमाफियाओं द्वारा प्रार्थी की भूमि पर अवैध कब्जा करने के सम्बन्ध में।

श्रीमान जी,

निवेदन है कि प्रार्थी ग्राम सैफपुर फिरोजपुर तहसील मवाना जिला मेरठ का निवासी है। प्रार्थी की भूमि ग्राम खेड़ा गैर अहतमाली परगना भुम्मा सम्भलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर के खाता सं0-3 व 6 व 10 में स्थित है, जिस पर प्रार्थी काबिज काश्त है। उक्त खातों में कुछ भूमि प्रार्थी के भाईयों के नाम है तथा जो अन्य खातेदार हैं, प्रार्थी उन सभी का मुखत्यारेआम है। श्रीमान जी, खादर क्षेत्र के कुछ भूमाफिया जिनमें लेखपाल जयभगवान व तहसील जानसठ का एक भूमाफिया वकील राहुल कुमार गोयल व उपकार पुत्र लहरी व जसवन्त पुत्र प्रेम व सोरण व सूबे पुत्रगण कबूल व संगीत पुत्र प्रताप व अमरजीत पुत्र वेदपाल व चरणे पुत्र खजान व कुवर पुत्र बिशना व अमीचन्द पुत्र कालू व प्रमोद पुत्र प्रेम व लहरी व केहर व प्रेम पुत्रगण फकीरा आदि लोगों द्वारा जमीन कब्जाने का एक गिरोह बनाया हुआ है, जो सीधे-सादे एवं भोले लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जा कर उनकी परवरिशकर्दा फसल काटने का अवैध कार्य करते हैं। उक्त लोग बीते कई दिनों से प्रार्थी की उपरोक्त भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। जब प्रार्थी द्वारा उक्त लोगों को कब्जा करने से रोका गया तो उक्त लोगों द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी गई तथा राहुल कुमार एडवोकेट द्वारा अपना लाईसेंसी रिवॉल्वर निकालकर मुझ प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए आतंकित किया गया। उक्त भूमि के सम्बन्ध में आपके द्वारा कई बार पैमाइश के आदेश भी दिये गये, किन्तु उक्त भूमाफिया लेखपाल जयभगवान व उक्त राहुल कुमार एडवोकेट द्वारा अभी तक मुझ प्रार्थी की जमीनों की पैमाइश नहीं होने दी गई, पैमाइश के आदेश की छायाप्रति प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है। उक्त भूमाफियाओं द्वारा मुझ प्रार्थी व मेरे परिवार को काफी समय से आतंकित किया जा रहा है तथा मुझ प्रार्थी का मानसिक व शारीरिक व आर्थिक उत्पीड़न उक्त लोगों द्वारा किया जा चुका है। उपरोक्त राहुल कुमार एडवोकेट व लेखपाल जयभगवान द्वारा मुझसे 50,00,000/- पचास लाख रूपये की रंगदारी भी मांगी गई है। प्रार्थी द्वारा रंगदारी न देने पर उक्त लोग बार-बार मेरी जमीनों पर कब्जा करने व कराने की कोशिश करते हैं तथा मेरे द्वारा विरोध करने पर मुझे जान से मारने की धमकी भी देते हैं। उपरोक्त लोग खुल्लमखुल्ला कहते हैं कि सभी सरकारी अधिकारी हमारे हैं तथा हम जिस अधिकारी को चाहें हटवा सकते हैं और जिसे चाहें सस्पेंड करा सकते हैं। हम तो एस0डी0एम0 जैसे अधिकारी को उनके चैम्बर में जाकर ही पीट देते हैं। कई अधिकारियों द्वारा हमारे विरूद्ध अगर कोई कार्यवाही की गई है तो उनकी कार्यवाही का हम पर कोई असर नहीं हुआ है और उस अधिकारी को जिले से बाहर जाना पड़ा है।

अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि उक्त भूमाफियाओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए मुझ प्रार्थी की उक्त लोगों से जान व माल की सुरक्षा कराने की कृपा करें।

आपकी अति कृपा होगी।

दिनांक : 30.09.2014

1/10/2014

सत्यापित प्रति

कृते जिलाधिकारी

मुजफ्फरनगर।

19-9-16

प्रार्थी

गुरमीत सिंह ग्रेवाल पुत्र श्री रघुनन्दन सिंह निवासी ग्राम सैफपुर फिरोजपुर तहसील मवाना जिला मेरठ।

मो0नं0-09311107407